परिशिष्ट - [31/7/2025]
(पेज न.1 - 3 तक)

प्रश्न सं. [ क्र. 1674 ]

# कार्यालय महाप्रबंधक, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण
## परियोजना क्रियान्वयन इकाई-1 , सागर

Email : mprrdasgr@yahoo.com, Ph. No. 07582-241970, Fax No. 07582-240499

क्र 1467 / तक / म.प्र.ग्रा.स.वि.प्रा. / 2025 सागर दिनांक 15/07/2025

प्रति,

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग
संभाग क्रं–1, सागर (म.प्र.)

विषयः– विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रं 1674 द्वारा श्री बृजबिहारी पटैरिया के प्रश्नों से संबंधित जानकारी भेजने बाबत्।

संदर्भः– आपका पत्र क्रं 3287 सागर दिनांक 14.07.2025

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र द्वारा विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 1674 की चाही गई जानकारी संलग्न कर आपकी ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

महाप्रबंधक 15/07/25
म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण,
परियोजना क्रियान्वयन इकाई-1, सागर

प्रश्न

उत्तर भेजने का अंतिम दिनांक 22/07/2025

वर्ग–4.सदन में उत्तर देने का दिनांक 31.07.2025

विभाग का नाम :— लोक निर्माण विभाग

**विषय** : विधानसभा क्षेत्र देवरी के रोडों के निर्माण ।

तारांकित प्रश्न क्रमांक 1674 श्री बृजबिहारी पटैरिया

क्या लोक निर्माण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि –

| क्रं | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| (क) | देवरी विधानसभा अंतर्गत फोरलाइन रेस्ट हाउस से सिद्धबाबा काली पहाडी होते हुये कोपरा पुराना मार्ग कितने कि.मी. लम्बा है? क्या इसके बनने से क्षेत्र के 25 ग्रामों के लोगों का आवागमन सुलभ होगा, साथ ही देवरी मुख्यालय की दूरी भी 10कि.मी. कम हो जायेगी। कब तक निर्माण करा दिया जावेगा। | उक्त मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना से संबधित नहीं है। |
| (ख) | देवरी से टिकरिया छिंदली, बिचुआ होते हुये डोभी मार्ग जिसकी लम्बाई 12कि.मी. है, जो देवरी मुख्यालय को जोड़ेगा, इसकी वर्तमान में क्या स्थिति है, इसका निर्माण कब तक प्रारंभ किया जावेगा ? समय सीमा बतायें। | देवरी से टिकरिया छिंदली बिछुआ होते हुये डोभी मार्ग के एकरेखण में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सडक योजनांन्तर्गत ग्रेवल स्तर तक निर्मित एन.एच.26 से टिकरिया मार्ग (लंबाई 2.069) शामिल है। जिसे ग्रेवल से बी.टी. स्तर तक एम.पी.आर.सी.पी योजनान्तर्गत निर्मित किया गया है। मार्ग की पूर्णता दिनांक 28.07.2022 है। वर्तमान में मार्ग संविदाकार की 05 वर्षीय गारंटी अवधि अंतर्गत संधारित कराया जा रहा है। प्रश्न में उल्लेखित मार्ग का शेष भाग प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना से संबंधित नहीं है। |
| (ग) | मुआर से केसली मार्ग का उन्नयन चौडीकरण, क्या मार्ग निर्माण की स्वीकृति प्राप्त है यदि हो तो कब तक निर्माण होगा यदि नहीं तो विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई ? क्या इस मार्ग के निर्माण से देवरी तहसील मुख्यालय की दूरी 15कि.मी. कम हो जायेगी। | प्रश्न में उल्लेखित मुआर से केसली मार्ग के एकरेखण में शामिल मार्ग केसली से ढेचुंआ (लंबाई 7.84कि.मी.) एव ढेचुंआ से जमुनिया चिखली (लंबाई 7.91कि.मी.) का निर्माण कार्य वर्ष 2012 में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजनान्तर्गत पूर्ण कराया गया था। वर्तमान में मार्ग निर्माण के दस वर्ष पश्चात् के पैकेज क्र. MP33-PT05। के अंतर्गत संधारित कराया जा रहा है। उक्त दोनों मार्गो केसली से ढेचुंआ एवं ढेचुंआ से जमुनिया चिखली का उन्नयन चौडीकरण कार्य कराये जाने की कोई योजना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांन्तर्गत प्रस्तावित नहीं है। |

| | | |
|---|---|---|
| (ध) | देवरी पुराना वाईपास से सिलकुई बेरियल डबल लाईन उन्नयन डोंगर सलैया से मोकला मार्ग उन्नयन, टुंडरी से चंदना मार्ग जो 20 से अधिक ग्रामों को जोडेगा इसका निर्माण कब तक करा दिया जायेगा। क्या प्रदेश की आदर्श विद्यासागर गौशाला भी मार्ग पर है। | प्रश्न में उल्लेखित देवरी पुराना वाईपास से सिलकुई बेरियल मार्ग के एकरेखण में योजनांन्तर्गत निर्मित मार्ग एन.एच.26 (देवरी) से बीना बारहा (लंबाई 9.60कि.मी.) एवं समनापुर से सर्रादलपतपुर मार्ग (लंबाई 2.18कि.मी.) शामिल है।<br>एन.एच.26 (देवरी) से बीना बारहा (लंबाई 9.60कि.मी.) मार्ग का उन्नयनीकरण कार्य दिनांक 28.12.2018 को पूर्ण कराया गया था। वर्तमान में मार्ग निर्माण के 05 वर्ष पश्चात् के पैकेज क्र MP33-MTN166 अंतर्गत संधारित कराया जा रहा है तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत ग्रेवल स्तर तक निर्मित समनापुर से सर्रादलपतपुर मार्ग (लंबाई 2 18कि.मी.) को एम.पी.आर.सी.पी योजनांन्तर्गत बी.टी. स्तर तक निर्मित किया गया है। मार्ग की पूर्णता तिथि 28.07.2022 है। वर्तमान में उक्त मार्ग संविदाकार की 05 वर्षीय गारंटी अवधि अंतर्गत संधारित कराया जा रहा है एवं समनापुर से सर्रादलपतपुर मार्ग का उन्नयन चौड़ीकरण कार्य कराये जाने की कोई योजना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांन्तर्गत प्रस्तावित नहीं है।<br><br>इसी प्रकार प्रश्न में उल्लेखित एम.डी.आर (डोंगरसलैया) से मोकला मार्ग (लंबाई 7.41कि.मी) का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत वर्ष 2009 में पूर्ण कराया गया था। वर्तमान में मार्ग निर्माण के दस वर्ष पश्चात् के पैकेज क्रं MP33-PT039 के अंतर्गत संधारित कराया जा रहा है। मार्ग डोंगरसलैया से मोकला का उन्नयन चौड़ीकरण कार्य कराये जाने की कोई योजना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांन्तर्गत प्रस्तावित नहीं है। प्रश्न में उल्लेखित शेष मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से संबंधित नहीं है। |

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय

महाप्रबंधक
म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण,
परियोजना क्रियान्वयन इकाई-1, सागर